<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 16.01.2026 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा नवप्रवर्तकों को समर्थन देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई, कहा–आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में स्टार्टअप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से स्विट्जरलैंड में भारतीय राजदूत मृदुल कुमार ने की मुलाकात, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 को लेकर हुई चर्चा।
3. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेव का किया शुभारंभ, जमशेदपुर को रक्षा निर्माण हब बनाने की कही बात।
4. राज्य निर्वाचन आयोग नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा, 48 नगर निकायों के अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण।

और

5. वित्त विभाग द्वारा आयोजित प्री–बजट कार्यशाला में आईसीएआई रांची ने दिए सुझाव, जीएसटी सरलीकरण और कर राहत पर दिया जाए जोर।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम महज एक योजना नहीं बल्कि एक इंद्रधनुषी दृष्टि है जो विभिन्न क्षेत्रों को नए अवसरों से जोड़ती है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर स्टार्टअप इंडिया के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया मिशन महज दस वर्षों में एक क्रांति बन गया है और इसने पूरे देश में एक नई संस्कृति को बढ़ावा दिया है।

****

स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत मृदुल कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ज्यूरिख में मुलाकात कर वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 को लेकर विस्तार से चर्चा की। यह झारखंड के 25 वर्ष पूरे होने के बाद पहला अवसर है जब राज्य का आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भाग ले रहा है। दावोस में झारखंड की भागीदारी "प्रकृति के साथ सामंजस्य में विकास" विषय पर आधारित है, जो सतत विकास और दीर्घकालिक आर्थिक परिवर्तन के वैश्विक लक्ष्यों से मेल खाती है।

****

भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में शुक्रवार को दो दिवसीय एमएसएमई डिफेंस कॉन्क्लेव–2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उद्घाटन करते हुए कहा कि आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में देश की इंडस्ट्रियल कैपिटल बनने की पूरी क्षमता है और जमशेदपुर को रक्षा उपकरणों का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाया जाएगा।

कॉन्क्लेव में डीआरडीओ, एचएएल और महिंद्रा डिफेंस सहित 62 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां सेमिनार और बी2बी बैठकों के जरिए उद्योगों को रक्षा क्षेत्र से जुड़ने के अवसर बताए जा रहे हैं।

****

विकसित भारत और जी राम जी अधिनियम को लेकर गुमला परिसदन भवन में भाजपा की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि योजनाओं में खामियों को दूर कर श्रमिकों और किसानों को सीधा लाभ पहुंचाने के लिए सुधार किए गए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।

****

झारखंड हाईकोर्ट द्वारा ईडी के खिलाफ रांची पुलिस की कार्रवाई पर रोक और ईडी कार्यालय की सुरक्षा केंद्रीय बलों को सौंपे जाने के आदेश पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पुलिस के जरिए जांच एजेंसियों को डराने की कोशिशें नाकाम होंगी और भ्रष्टाचार में शामिल लोग कानून से नहीं बच पाएंगे। साथ ही बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी नियुक्ति नियमावली में संशोधन को भ्रामक बताते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अनदेखी करार दिया।

****

राज्य निर्वाचन आयोग नगर निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर अंतिम रूप दे रहा है। राज्य के सभी 48 नगर निकायों के निर्वाची और सह–निर्वाची पदाधिकारियों के साथ बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने कहा कि नामांकन से लेकर मतगणना तक अधिकारियों की भूमिका बेहद अहम है और सभी को नियमों का सख्ती से पालन करना होगा, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

****

वित्त विभाग द्वारा राज्य बजट–2026 को लेकर आयोजित प्री–बजट कार्यशाला में आईसीएआई रांची शाखा के कोषाध्यक्ष सीए विवेक खुवाल ने भाग लिया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में उन्होंने जीएसटी और राज्य कर प्रणाली के सरलीकरण, प्रोफेशनल टैक्स को वार्षिक करने और वैट एमनेस्टी स्कीम लागू करने जैसे सुझाव दिए। आईसीएआई रांची शाखा ने कहा कि इन सुझावों से करदाताओं को राहत मिलेगी और राज्य के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

****

जमशेदपुर के परीसदन में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अल्पसंख्यक स्कूलों की जर्जर स्थिति और शिक्षकों की भारी कमी पर चिंता जताई गई। आयोग अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ने तीन माह में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने का भरोसा दिया।

****

चतरा जिले के कान्हा चट्टी प्रखंड की मद गड़ा पंचायत की मुखिया सुप्रिया कुमारी को इस वर्ष दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग ने पत्र जारी कर उन्हें कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में शामिल होने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार के पंचायती राज विभाग ने पंचायत में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें नामित किया है, जिस पर मुखिया सुप्रिया कुमारी ने खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

****

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना जताई है। हालांकि अगले 24 घंटे तक न्यूनतम तापमान में खास बदलाव नहीं होगा, जबकि अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे वृद्धि जारी है। वहीं बोकारो, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और गुमला जिलों में कहीं–कहीं शीत लहर चलने की संभावना जताई गई है।

********समाप्त*********